सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**87**
24/01/2026

राज्यपाल ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना 24 जनवरी, 2026 :–माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में बिहार विधान मंडल परिसर, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधारी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा तथा अन्य मंत्रीगण, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार एवं गणमान्य लोगों ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा जननायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....